प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद– कौशाम्बी व फतेहपुर, उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या :एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 19–20 / 9267 दिनांक :07.02.2020

विषय : राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा जनवरी 2020 में किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने व कृत कार्यवाही से अवगत कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 20 से 22 जनवरी 2020 के मध्य जनपद– कौशाम्बी व दिनांक 23 से 24 जनवरी 2020 के मध्य जनपद– फतेहपुर में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु सुझाव सम्बंधित इकाईयों के प्रभारियों तथा जनपदीय टीम को दिये गये। (विवरण संलग्न)

कृपया भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों को एवं दिये गये सुझावों के सम्बंध में कृत कार्यवाही से पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–भ्रमण आख्या।

भवदीया

(जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्या :एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 19–20 / तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक चिकि0 एवं स्वा0 सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक प0क0, उ0प्र0, लखनऊ।
3. मण्डलायुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज ।
4. जिला अधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद– कौशाम्बी व फतेहपुर।
5. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मण्डल को इस निर्देश के साथ कि दिये गये सुझावों के सम्बंध में एक सप्ताह के अन्दर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें ।
6. समस्त महाप्रबन्धक / उप महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
7. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
8. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, जनपद– कौशाम्बी व फतेहपुर।

(डा0 वेदप्रकाश)
मण्डलीय नोडल – प्रयागराज
महाप्रबन्धक
आर0आई0 एवं बाल स्वास्थ्य

# जनपद–फतेहपुर

**भ्रमण अवधि– दिनांक 23.01.2020 से 24.01.2020**

**राज्य स्तरीय टीम**

3. श्री सत्येन्द्र, कुमार, परामर्शदाता, मातृत्व स्वास्थ्य।
4. श्री आर0बी0 छेत्री, मैनेजर, वित्त।
5. श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, परिवार नियोजन।

**जनपद स्तरीय टीम**

5. श्री कलोल पॉल, मण्डलीय लेखा प्रबन्धक, एन0एच0एम0, सिफ्सा।
6. श्री लालचन्द, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0।
7. श्री पुष्पेन्द्र कुशवाहा, जिला लेखा प्रबन्धक, एन0एच0एम0।

**पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गई इकाईयॉ**

15. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – गोपालगंज, तेलियानी।
16. नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– रामगंज (पक्का तालाब)।

मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में राज्य स्तरीय टीम सदस्य सत्येन्द्र कुमार, परामर्शदाता–मातृ स्वास्थ्य, आर0बी0छेत्री, मैनेजर वित्त एवं अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, परिवार नियोजन द्वारा दिनांक 23–24 जनवरी 2020 के मध्य जनपद फतेहपुर का भ्रमण कर, ब्लाक स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन किया गया। भ्रमण के अन्तिम दिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जनपद व ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के साथ डिब्रीफिगं मीटिंग भी किया गया। भ्रमण रिपोर्ट निम्नानुसार है–

## फतेहपुर सपोर्टिव सुपरविजन विजिट के मुख्य बिन्दु

1. *प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोपालगंज में परिवार नियोजन सेवायें दिये जाने हेतु कोई कक्ष नहीं बनाया गया था तथा* पैथोलाजी में हबकटर आदि उपलब्ध नहीं था।
2. भ्रमण की गयी चिकित्सा इकाईयों में पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन फॉलोअप बहुत कम किये जा रहे हैं।
3. भ्रमण की गयी चिकित्सा इकाईयों में डाईट रजिस्टर में प्रेषित दिशा–निर्देश के अनुरुप समस्त कालम नहीं भरे जा रहे हैं व नियमित रुप से प्रभारी चिकित्साधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर भी नहीं किये जा रहे है।
4. भ्रमण की गयी चिकित्सा इकाईयों पर समस्त कार्यक्रमों की उपलब्ध विभिन्न आई0ई0सी0 पर्याप्त नहीं थी व अपडेटेड भी नहीं थी।
5. पुराने प्रसव रजिस्टर मेण्टेन किये जा रहे हैं।
6. बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित समस्त स्टाफ को पूर्ण जानकारी नहीं थी। संक्रमण से बचाव के प्रोटोकाल्स फॉलो नहीं हो रहे हैं।
7. भ्रमण की गयी चिकित्सा इकाईयों में स्थापित कण्डोम बाक्सेज नियमित रुप से नहीं भरे जा रहे हैं।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–गोपालगंज (मालवा)

**सम्पर्क अधिकारी– डा0 विपुल शुक्ला।**

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **चिकित्सालय परिसरः–** | | |
| परिसर में साफ–सफाई ब्यवस्था कामचलाऊ पायी गयी। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| परिसर के अन्दर शिकायत पेटिका लगी थी, किन्तु शिकायतें नहीं पायी गयीं। शिकायत निवारण कमेटी का गठन रिकार्ड भी देखने को नही मिला। | शिकायत निवारण कमेटी का गठन व रिकार्ड मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 5'5 मैट्रिक्स डिस्प्ले नहीं था। | जनपद स्तर से 5'5 मैट्रिक्स प्राप्त कर डिस्प्ले करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| ई0डी0एल0 का प्रदर्शन नहीं किया गया था। | अपडेटेड ई0डी0एल0 का प्रदर्शन दवा वितरण कक्ष के बाहर प्रतिदिन करने का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट |
| **पंजीकरण–** | | |
| **ओ0पी0डी0 पंजीकरण अलग–अलग स्थानों पर** किया जा रहा था तथा गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण का अलग से रिकार्ड मेण्टेन नहीं किया जा रहा था। | ओ0पी0डी0 पंजीकरण एक काउन्टर से कराने तथा गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण का अलग से रिकार्ड मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / सम्बन्धित कर्मी |
| **आई0ई0सी0ः–** | | |
| परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध नहीं थी। | विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 जनपद स्तर से प्राप्त कर यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| **बायोमेडिकल वेस्ट–** | | |
| चिकित्सालय में बायो मेडिकल Bins उपलब्ध थीं। बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित स्टाफ का ओरिएण्टेशन कराये जाने की जरुरत है। | बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित समस्त स्टाफ का अभिमुखीकरण कराये जाने व Colour Coded Bins की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **मातृत्व स्वास्थ्यः–** | | |
| **लेबर रूमः–** पी0पी0एच0के प्रबन्धन के बारे में स्टाफ नर्सों को जानकारी नहीं थी। प्रसव कक्ष में पी0पी0एच0 किट की व्यवस्था नही थी। रजिस्टर के अन्त में संक्षिप्त जानकारी प्रपत्र के बारे में उपस्थित स्टाफ नर्सो को भी उचित जानकारी नहीं थी। | एम0एन0एच0 टूल का अध्ययन करने व सेवन (सात) ट्रे, एस0बी0ए0 प्रोटाकाल पोस्टर्स आदि लगवाने का सुझाव दिया गया। प्रसव कक्ष में पी0पी0एच0 किट की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। प्रत्येक माह के अन्त में माह की रिपोर्ट का अंकन करने हेतु निर्देषित किया गया साथ ही जानकारियॉ प्रदान की गईं। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| प्रसव कक्ष में पुराने प्रसव रजिस्टर मेण्टेन किये जा रहे हैं। | नवीन प्रसव रजिस्टर मेण्टेन किये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **आर0आई0ः–** | | |
| टीका करण कक्ष के बाहर प्रचार–प्रसार सम्बन्धी प्रदर्शन पर्याप्त नहीं था। समस्त फ्रीज कार्य करते हुए पाये गये तथा उनमें वैक्सीन उपयुक्त प्रकार से रखी हुई पाई गई। लागबुक मेण्टेन थीं। | आई0ई0सी0 सामग्री को यथा स्थान प्रदर्शित किया जाये। | सम्बन्धित स्टाफ |
| **परिवार नियोजन–** | | |
| परिवार नियोजन सेवायें दिये जाने हेतु कोई कक्ष नहीं बनाया गया था। आयुष चिकित्सक द्वारा सिर्फ अन्तरा इन्जेक्शन लगाया जा रहा है। | परिवार नियोजन सेवायें दिये जाने हेतु परिवार नियोजन कक्ष स्थापित कराने तथा गर्भनिरोधक सामग्रियों का वितरण व रिकार्ड मेण्टेन करने हेतु एक स्टाफ को जिम्मेदारी दिये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| कण्डोम बाक्स लगा था। भ्रमण के दौरान कण्डोम बाक्स में कण्डोम नहीं पाये गये व कण्डोम बाक्स देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि लम्बे समय से कण्डोम बाक्स भरा ही नहीं गया है। | कण्डोम बाक्स में कण्डोम भरवाया गया तथा प्रतिदिन नियमित रुप से भरने का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट / सम्बन्धित स्टाफ |
| गर्भनिरोधक सामग्रियॉ यथा–कण्डोम, माला–एन, अन्तरा आदि विगत दो माह से उपलब्ध नहीं थी। | बफर स्टाक रखते हुए नियमित रुप से गर्भनिरोधक सामग्रियों का स्टाक मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट |
| पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन फालोअप के रिकार्ड मेण्टेन नहीं किये जा रहे हैं। प्रिण्टेड रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं था। | पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन फालोअप का रिकार्ड मेण्टेन किये जाने हेतु सुझाव दिया गया तथा लाभार्थियों के फॉलोअप का भुगतान भी कराया जाना सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |
| **पैथोलाजी–** | | |
| पैथोलाजी में हबकटर आदि उपलब्ध नहीं था। संक्रमण से बचाव के प्रोटोकाल्स फॉलो नहीं हो रहे हैं। | आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने तथा संक्रमण से बचाव के प्रोटोकाल्स फॉलो करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / सम्बन्धित स्टाफ |

**संलग्न– चेकलिस्ट।**







प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र –तेलियानी    सम्पर्क अधिकारी– डा0 अतुल श्रीवास्तव, प्रभारी चिकित्साधिकारी।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **चिकित्सालय परिसरः–** | | |
| परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| परिसर के अन्दर शिकायत पेटिका लगी थी, किन्तु शिकायतें नहीं पायी गयीं। शिकायत निवारण कमेटी का गठन रिकार्ड भी देखने को नही मिला। | शिकायत निवारण कमेटी का गठन व रिकार्ड मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 5'5 मैट्रिक्स डिस्प्ले नहीं था। | जनपद स्तर से 5'5 मैट्रिक्स प्राप्त कर डिस्प्ले करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| सिटीजन चार्टर व ई0डी0एल0 का प्रदर्शन नहीं किया गया था। | अपडेटेड ई0डी0एल0 का प्रदर्शन दवा वितरण कक्ष के बाहर प्रतिदिन करने का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट |
| **आई0ई0सी0ः–** | | |
| परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध नहीं थी। | विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 जनपद स्तर से प्राप्त कर यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **बायोमेडिकल वेस्ट–** | | |
| चिकित्सालय में बायो मेडिकल Bins उपलब्ध थीं। बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित स्टाफ का ओरिएण्टेशन कराये जाने की जरुरत है। | बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित समस्त स्टाफ का अभिमुखीकरण कराये जाने व Colour Coded Bins की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **मातृत्व स्वास्थ्यः–** | | |
| प्रसव कक्ष में पुराने प्रसव रजिस्टर मेण्टेन किये जा रहे हैं। | नवीन प्रसव रजिस्टर मेण्टेन किये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| लेबर रुम के बाहर चप्पलों की रैक एवं चप्पलें उपलब्ध नहीं थी। | लेबर रुम के प्रोटोकाल्स प्रतिदिन फॉलो करने का सुझाव दिया गया। ड्यूटी स्टाफ को संक्रमण से बचाव के प्रोटोकाल्स फॉलो करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| मानकानुसार डिलेवरी रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर, ए0एन0सी0 रजिस्टर नही भरा जा रहा था। एम0सी0टी0एस0 नम्बर उपलब्ध न होने के कारण भरे नहीं जा रहा थे। | मानकानुसार डिलेवरी रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर, ए0एन0सी0 रजिस्टर आदि भरे जाने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |
| जननी सुरक्षा योजना अन्तर्गत सभी प्रसूताओं को 48 घण्टे नहीं रोका जा रहा है। | जननी सुरक्षा योजना अन्तर्गत सभी प्रसूताओं को 48 घण्टे तक रोके जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी व सम्बन्धित स्टाफ |
| जे0एस0एस0के0 डाईट के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन का साईन बोर्ड पी0एन0सी0 वार्ड में लगा हुआ पाया गया। लाभार्थियों को नाश्ता व भोजन दिया जा रहा है। | जे0एस0एस0के0 डाईट के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **आर0आई0ः–** | | |
| टीका **करण** कक्ष के बाहर प्रचार–प्रसार सम्बन्धी प्रदर्शन पर्याप्त नहीं था। समस्त फ्रीज कार्य करते हुए पाये गये तथा उनमें वैक्सीन उपयुक्त प्रकार से रखी हुई पाई गई। लागबुक मेण्टेन थीं। | आई0ई0सी0 सामग्री को यथा स्थान पर प्रदर्षित किया जाये। | सम्बन्धित स्टाफ |
| **परिवार नियोजन–** | | |
| कण्डोम बाक्स नहीं लगा था। | कण्डोम बाक्स लगाने व प्रतिदिन भरने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन फालोअप के रिकार्ड सही प्रकार से मेण्टेन नहीं किये जा रहे हैं। फालोअप की वास्तविक तिथि का अंकन कई जगह नहीं भरा था। | पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन फालोअप का फालोअप की वास्तविक तिथि का अंकन किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |
| पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन हेतु लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली प्रोत्साहन / क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान नियमित रुप से नहीं हो रहा है। | सेवाप्रदाताओं व लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली प्रोत्साहन / क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान नियमित रुप से किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रयोगशाला–** | | |
| प्रयोगशाला में साफ–सफाई व संक्रमण से बचाव के प्रोटोकाल्स फालो किये जा रहे थे। | सम्बन्धित को साफ–सफाई व संक्रमण से बचाव के प्रोटोकाल्स नियमित रुप से फालो करने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **प्रिण्टिंग सामग्री–** | | |
| लेबर रुम में समस्त प्रिण्टेड रजिस्टर्स उपलब्ध नहीं थे। | समस्त नवीन प्रपत्र व प्रिण्टेड रजिस्टर्स जनपद स्तर से उपलब्ध कराये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्साधिकारी/ जिला कार्यक्रम प्रबन्धक |
| **एम्बुलेन्स सेवा** | | |
| एम्बुलेन्स UP 71 G 135 का निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया की एम्बुलेन्स की सभी व्यवस्थाएं (ए.सी., दरवाजे, बी0पी0यंत्र) खराब है एवं एम्बुलेन्स जर्जर हालत में है। एम्बुलेन्स में आवश्यक समस्त दवाईयॉ, बी0पी0 मापक यंत्र व अन्य उपकरण एवं ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं है। | एम्बुलेन्स में मानकानुसार समस्त व्यवस्थायें उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी व सम्बन्धित स्टाफ |
| | | |
| **स्टोर–** | | |
| दवाईयों का रखरखाव सही प्रकार से किया गया है। किन्तु लेबलिंग नहीं की गयी थी। | लेवलिंग आदि करने का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट |

संलग्न– चेकलिस्ट।







**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– रामगंज (पक्का तालाब), <u>सम्पर्क अधिकारी–</u>** डा0 मन्जू शुक्ला, चिकित्साधिकारी।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **चिकित्सालय परिसरः–** | | |
| परिसर स्वच्छ एवं सभी कक्ष साफ–सुथरे एवं पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। | मेण्टेन रखने का सुझाव दिया गया। साक्षात्कार कराकर जल्द नियुक्ति करने का सुझाव दिया गया। | अर्बन कोआर्डिनेटर |
| **आई0ई0सी0ः–** | | |
| आई0ई0सी0 उपलब्ध थे। परन्तु समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 पर्याप्त नहीं थे। | अपडेटेड आई0ई0सी0 डिस्प्ले करने का सुझाव दिया गया। | अर्बन कोआर्डिनेटर |
| ई0डी0एल0 का प्रदर्शन नहीं किया गया था। | अपडेटेड ई0डी0एल0 का प्रदर्शन दवा वितरण कक्ष के बाहर प्रतिदिन करने का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट |
| **ओ0पी0डी0–** | | |
| ओ0पी0डी0 में चिकित्सक मौजूद थे। ओ0पी0डी0 रजिस्टर प्रिण्टेड नहीं था। किन्तु आवश्यक जानकारियॉ भरी पायी गयीं। | प्रिण्टेड ओ0पी0डी0 रजिस्टर व समस्त प्रिण्टेड रजिस्टर्स उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। | अर्बन कोआर्डिनेटर |
| **परिवार नियोजन–** | | |
| कण्डोम व गर्भनिरोधक गोलियों का वितरण किया जा रहा है। आई0यू0सी0डी0 इनसर्शन की सेवायें प्रदान नहीं की जा रही हैं। | आशा सप्लाई के गर्भनिरोधक आशाओं के माध्यम से वितरित कराने का सुझाव दिया गया। | अर्बनकोआर्डिनेटर/ सम्बन्धित स्टाफ |
| **मातृत्व स्वास्थ्यः–** | | |
| प्रसव नहीं कराये जा रहे हैं। | प्रेगनेन्सी टेस्ट किट आशाओं के माध्यम से भी उपलब्ध कराये जाने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |
| **बायोमेडिकल वेस्ट–** | | |
| पैथोलाजिस्ट द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट का फॉलो नहीं | बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट की इकाई के | अर्बन कोआर्डिनेटर |

| | | |
|---|---|---|
| किया जा रहा है। | मानकानुसार व्यवस्था किये जाने का सुझाव दिया गया। | |
| **रिकार्ड कीपिंग–** | | |
| ए0एन0सी0 व परिवार नियोजन के प्रिण्टेड रिकार्ड उपलब्ध नहीं थे। | समस्त बैठकों के प्रिण्टेड रिकार्ड जनपद से प्राप्त कर मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | अर्बन कोआर्डिनेटर/ सम्बन्धित स्टाफ |





## मुख्य चिकित्साअधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**बैठक स्थल–** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार।

**बैठक के प्रतिभागी–** जनपद स्तरीय अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक–एन0एच0एम0, जिला लेखा प्रबन्धक–एन0एच0एम0, समस्त ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी एवं बी0पी0एम0एवं बी0ए0एम0।

- भ्रमण के दौरान पायी गयी जनपद की यथास्थिति से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया एवं कमियों को दूर किये जाने हेतु कहा गया।
- जनपद द्वारा ब्लाकवार तैयार किये गये प्रस्तुतीकरण कर बिन्दुवार लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि प्रस्तुत की गयी। सुझाव दिया गया कि आगामी दो माह में सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर शेष लक्ष्यों को पूरा किया जाए।
- परिवार नियोजन सेवाओं में उपलब्धि बढ़ाये जाने का सुझाव दिया गया।
- जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाईयों एवं प्रसव कक्ष को मानकानुसार तैयार किये जाने एवं समस्त आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु आग्रह किया गया।
- 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान'' के लक्ष्यों प्राप्त करने के लिए जनपद एवं ब्लाक स्तर पर ठोस कार्यनिती बनाने का अनुरोध किया गया।
- बैठक में समस्त ब्लाकों से निम्नवत् बिन्दुओं पर पुनः चर्चा की गयी –
  - दिशा निर्देशों का पालन करते हुए ससमय अधिकतम व्यय किया जाना। रोजाना भुगतान तथा लेखांकन किये जाने का अनुरोध किया गया।
  - एच0एम0आई0एस0, यू0पी0एच0एम0आई0एच0, एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण डाटा समय पर प्रविष्ठ किया जाना।
  - जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को मुख्यधारा में लाया जाय।

बैठक में उक्त बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हेतु भ्रमण में पायी गयी कमियों को जनपद एवं ब्लाक स्तर से तत्काल दूर किये जाने को कहा गया एवं राज्य स्तर से निर्धारित लक्ष्यों को ससमय प्राप्त किये जाने हेतु मुख्य चिकिसाधिकारी महोदय एवं समस्त प्रतिभागियों को अवगत किया गया। मुख्य चिकिसाधिकारी महोदय द्वारा डी0पी0एम0यू0 यूनिट, समस्त ब्लाक चिकित्सा अधीक्षको एवं बी0पी0एम0यू0 यूनिट को स्पष्ट दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए बैठक का समापन किया गया।,




| अखिलेश कुमार श्रीवास्तव | आर0बी0 छेत्री | सत्येन्द कुमार |
|---|---|---|
| कार्यक्रम समन्वयक, परिवार नियोजन | मैनेजर, वित्त | परामर्शदाता, मातृ स्वास्थ्य |

## जनपद फतेहपुर की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की संक्षिप्त आख्या

### दिनांक 22.12.2019 एवं 24.12.2019

अवगत कराना है कि दिनांक 01.04.2012 से भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी आपरेशनल गाइडलाइन्स फार फाइनेन्सियल मैनेजमेन्ट में वर्णित लेखा पुस्तकों का रख–रखाव अनिवार्य कर दिया गया है। आपरेशनल गाइडलाइन्स फार फाइनेन्सियल मैनेजमेन्ट में वर्णित लेखा पुस्तकों को संज्ञान में रखते हुए **जिला स्वस्थ्य समिति जनपद फ़तेहपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (हसवा)** एवं **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ( तेलयानी ) के** लेखा–अभिलेखों का (आंतरिक नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए) अवलोकन किया गया। लेखा अभिलेख उल्लेखनीय है कि आपरेशनल गाइडलाइन्स फार फाइनेन्सियल मैनेजमेन्ट के अनुसार लेखा पुस्तकों, लेखांकन, लेखा अभिलेख का रख–रखाव इत्यादि का पालन किया जाना अनिवार्य किया गया है तथा गाइड लाइन्स के अनुसार ही लेखा पुस्तकों को तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के अवलोकन से आख्या निम्नवत है।

### वित्तीय वर्ष 2019–20

### 1. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ( हसवा ) के लेखा अभिलेखों का बिंदुवार आख्या निम्नवत है:–

### वित्तीय वर्ष 2019–20

| क्रम संख्या | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कार्यवाही जो की जानी है। | जिम्मेदार व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हसवा द्वारा भुगतान किये जाने से पूर्व सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त नहीं किया जा रहा है। | ब्लॉक लेखा प्रबन्धक को कोई भी भुगतान करने से पूर्व सम्बन्धित अधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर, वाउचर के साथ समस्त वांछित प्रपत्र संलग्न कर भुगतान किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 2 | ब्लाक लेखा प्रबन्धक द्वारा माह दिसम्बर तक की मैनुअल कैशबुक नहीं दिखाई गयी। | प्रतिदिन लिखकर प्रभारी चिकित्साधिकारी से हस्ताक्षरित करायी जानी चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 3 | पी0एफ0एम0एस0 निर्गत पंजीका निर्धारित प्रारूप नही पायी गयी। | पी0एफ0एम0एस0 निर्धारित प्रारूप बनायी जानी चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 4 | भुगतान किये गये वाउचर पर द्वितीय हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर नही पाये गये। | द्वितीय हस्ताक्षरी के भी वाउचर पर हस्ताक्षर होना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 5 | पी0एफ0एम0एस0 निर्गत करने का अनुमोदन पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर अपलोड नही की जा रही है। | राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के निर्देशानुसार अपलोड किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 6 | आशा भुगतान डी0बी0टी0 माडयूल से न कर expenditure माडयूल से किया जा रहा है। जिसके कारण डी0बी0टी0 की रिपोर्ट सही परिलक्षित | भुगतान डी0बी0टी0 माड्यूल से किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / बी0सी0पी0एम0 / प्रभारी चिकित्साधिकारी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | नही हो रही है। | | |
| 7 | आशा भुगतान रजिस्टर नही बनाया गया है। | आशा भुगतान रजिस्टर बनाया जाना चाहिए। | बी0सी0पी0एम0 / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 8 | आशा वाउचर निरीक्षण के लिये उपलब्ध नही कराया गया है। | निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 09 | जेनरेटर लॉगबुक उपलब्ध नही कराया गया। | लॉग बुक बनाया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 10 | रोगी कल्याण समिति का कार्यवाही रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर निरीक्षण के लिये उपलब्ध नही कराया गया है। | निरीक्षण हेतु उपलब्ध कराया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 11 | निरीक्षण के दौरान डाईट रजिस्टर उपलब्ध कराया गया किन्तु डाईट रजिस्टर पर सम्बन्धित अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं थे। | डाईट रजिस्टर पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 12 | अंटाइड फण्ड के अन्तर्गत दिये गये अग्रिम रजिस्टर नहीं बनाया गया है। | एडवांस रजिस्टर शीघ्र अतिशीघ्र बनाना सुनिश्चित करे । | ब्लॉक लेखा प्रबंधक |
| 13 | ब्लॉक हेल्थ एक्शेन प्लान की हस्ताक्षरित हार्ड उपलब्ध नही करायी गयी। | ब्लॉक हेल्थ एक्शेन प्लान के अनुमोदित बजट अनुसार भुगतान किये जाने चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 14 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हसवा द्वारा जे0एस0वाई0 लाभार्थियों के फार्म का रख–रखाव सुसज्जित रूप से नहीं किया जा रहा है। | जे0एस0वाई प्रपत्रों का रख–रखाव सुसज्जित तरीके से किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 15 | माह दिसम्बर 2019 तक उपलब्ध बैंक समाधान विवरण पर सम्बन्धित के हस्ताक्षर नहीं किये गये थे। उपलब्ध कराये गये बैंक समाधान विवरण पर बैंक बुक का अवशेष तथा टैली एस0एफ0पी0 के बैंक अवशेष में भिन्नता पाई गयी। | बैंक समाधान विवरण को सही तरीके से मिलान करते हुए बनाया जाना अपेक्षित है। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 16 | उपलब्ध कराये गये बैंक समाधान विवरण पर पांच कालातीत पी0एफ0एम0एस0 एडवाईज् पाया गया। | पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से तैयार एडवाईजों को ससमय सम्बन्धित बैंक शाखा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए तथा बैंक बुक रिवर्स इंट्री कर कालातीत पी0एफ0एम0एस0 एडवाईज की धनराशि को बी0आर0एस0 से समाप्त किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 17 | जनपद को प्रेषित एफ0एम0आर0 एवं | जनपद को प्रेषित एफ0एम0आर0 में | ब्लॉक लेखा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | टैली एफ0एम0आर0 में भिन्नता पाई गयी। | भिन्नता नहीं होनी चाहिए। | प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 18 | डाईट का टेण्डर जनपद स्तर से किया गया है, जिसका भुगतान सम्बन्धित इकाई द्वारा किया जा रहा है। भुगतान वाउचर में टेण्डर अनुबन्ध की प्रति नहीं पाई गयी। | भुगतान करते समय समस्त वांछित प्रपत्रों को वाउचर के साथ संलग्न किया जाना अपेक्षित है। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 19 | माह जनवरी में (भ्रमण तिथि तक) जे0एस0वाई के अन्तर्गत कुल 1626 लाभार्थियों के सापेक्ष 1526 लाभार्थियों का भुगतान किया गया है। | जे0एस0वाई0 लाभार्थियों को ससमय भुगतान किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 20 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हसवा के पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल देखने पर संज्ञान में आया है कि वित्तीय वर्ष 2019–20 में संलग्न सूचि के अनुसार . 16. लाभार्थियों को दोहरा भुगतान किया गया है, जिसे शीघ्र वसूली कर सम्बन्धित खाते में जमा किया जाना आवश्यक है। | वसूली की धनराशि को रिकवरी करते हुए सम्बन्धित खाते में शीघ्र जमा किया जाना अपेक्षित है। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 21 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हसवा द्वारा टी0डी0एस0 / जी0एस0टी0 की कटौती नहीं की जा रही है, न ही रिटर्न फाईल किया जा रहा है। | टी0डी0एस0 / जी0एस0टी0 की कटौती कर ससमय जमा किया जाना चाहिए तथा रिटर्न फाईल किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |

## 2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र :–( तेलयानी ) का लेखा अभिलेखों का बिंदुवार आख्या निम्नवत हैः–

| क्रम संख्या | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कार्यवाही जो की जानी है। | जिम्मेदार व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तेलयानी द्वारा भुगतान किये जाने से पूर्व सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त नहीं किया जा रहा है। | ब्लॉक लेखा प्रबन्धक को कोई भी भुगतान करने से पूर्व सम्बन्धित अधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर, वाउचर के साथ समस्त वांछित प्रपत्र संलग्न कर भुगतान किया जाना चाहिए। | ब्लाक लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 2 | ब्लाक लेखा प्रबन्धक द्वारा माह दिसम्बर तक मैनुअल कैशबुक बनाया गया है। | प्रतिदिन लिखकर प्रभारी चिकित्साधिकारी से हस्ताक्षरित करायी जानी चाहिए। | ब्लष्क लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 3 | माह दिसम्बर 2019 तक उपलब्ध | बैंक समाधान विवरण को सही तरीके | ब्लष्क लेखा प्रबंधक / ब्लॉक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | बैंक समाधान विवरण पर सम्बन्धित के हस्ताक्षर नहीं किये गये थे। उपलब्ध कराये गये बैंक समाधान विवरण पर बैंक बुक का अवशेष तथा टैली एस0एफ0पी0 के बैंक अवशेष में भिन्नता पाई गयी। | से मिलान करते हुए बनाया जाना अपेक्षित है। | कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 4 | पी0एफ0एम0एस0 निर्गत पंजीका निर्धारित प्रारूप नही पायी गयी। | पी0एफ0एम0एस0 निर्धारित प्रारूप बनायी जानी चाहिए। | ब्लष्क लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 5 | भुगतान किये गये वाउचर पर द्वितीय हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर नही पाये गये। | द्वितीय हस्ताक्षरी के भी वाउचर पर हस्ताक्षर होना चाहिए। | ब्लष्क लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 6 | पी0एफ0एम0एस0 निर्गत करने का अनुमोदन पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर अपलोड नही की जा रही है। | राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के निर्देशानुसार अपलोड किया जाना चाहिए। | ब्लष्क लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 7 | आशा भुगतान डी0बी0टी0 माडयूल से न कर expenditure माडयूल से किया जा रहा है। जिसके कारण डी0बी0टी0 की रिपोर्ट सही परिलक्षित नही हो रही है। | भुगतान डी0बी0टी0 माड्यूल से किया जाना चाहिए। | ब्लष्क लेखा प्रबंधक / बी0सी0पी0एम0 / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 8 | आशा भुगतान रजिस्टर नही बनाया गया है। | आशा भुगतान रजिस्टर बनाया जाना चाहिए। | बी0सी0पी0एम0 / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 9 | जेनरेटर लॉगबुक उपलब्ध नही कराया गया। | लॉग बुक बनाया जाना चाहिए। | ब्लष्क लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 10 | रोगी कल्याण समिति का कार्यवाही रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर निरीक्षण के लिये उपलब्ध नही कराया गया है। | निरीक्षण हेतु उपलब्ध कराया जाना चाहिए। | ब्लष्क लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 11 | डाईट का टेण्डर जनपद स्तर से किया गया है, जिसका भुगतान सम्बन्धित इकाई द्वारा किया जा रहा है। भुगतान वाउचर में टेण्डर अनुबन्ध की प्रति नहीं पाई गयी। | भुगतान करते समय समस्त वांछित प्रपत्रों को वाउचर के साथ संलग्न किया जाना अपेक्षित है। | ब्लष्क लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 12 | अंटाइड फण्ड के अन्तर्गत दिये गये अग्रिम रजिस्टर नहीं बनाया गया है। | एडवांस रजिस्टर षीघ्र अतिषीघ्र बनाना सुनिष्चित करे । | ब्लाक लेखा प्रबंधक |
| 13 | ब्लॉक हेल्थ एक्शेन प्लान की हस्ताक्षरित हार्ड उपलब्ध नही करायी गयी। | ब्लॉक हेल्थ एक्शेन प्लान के अनुमोदित बजट अनुसार भुगतान किये जाने चाहिए। | ब्लष्क लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 14 | निरीक्षण के दौरान डाईट रजिस्टर उपलब्ध कराया गया किन्तु डाईट रजिस्टर पर सम्बन्धित अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं थे। | डाईट रजिस्टर पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किया जाना चाहिए। | ब्लाक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 15 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा जी0एस0टी0 की कटौती की गयी है किन्तु ससमय उसे जमा नहीं | ससमय रिटर्न फाईल किया जाना अपेक्षित है। | ब्लाक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | कराया गया है, न ही रिटर्न फाईल किया गया है। | | |
| 16 | माह दिसम्बर में जे0एस0वाई के अन्तर्गत कुल 1210 लाभार्थियों के सापेक्ष 1099 लाभार्थियों का भुगतान किया गया है। | जे0एस0वाई0 लाभार्थियों को ससमय भुगतान किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |

## 3.जिला स्वस्थ्य समिति जनपद फ़तेहपुर का लेखा अभिलेखों का बिंदुवार आख्या निम्नवत् हैः–

| क्रम संख्या | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कार्यवाही जो की जानी है। | जिम्मेदार व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला स्वास्थ्य समिति फतेहपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 का मैनुअल कैश बुक (आर0आई0, आई0पी0पी0आई0 की बैंलेसिंग नहीं की गयी थी) तथा मुख्य चिकित्साधिकारी के हस्ताक्षर नहीं थे। | कैश बुक प्रतिदिन लिखकर मुख्य चिकित्साधिकारी से हस्ताक्षरित करायी जानी चाहिए। | मुख्य चिकित्साधिकारी / अपर मुख्यचिकित्साधिकारी / जिला लेखा प्रबन्धक / लेखा लिपिक एन0एच0एम0 |
| 2 | जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 के माह दिसम्बर 19 तक का बैंक समाधान विवरण (हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी)उपलब्ध नहीं कराया गया। | प्रति माह बैंक समाधान विवरण तैयार किया जाना चाहिए। | जिला लेखा प्रबन्धक / लेखा लिपिक एन0एच0एम0 |
| 3 | जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 का ब्लाकवार बजट जो 2019–20 में निर्गत किया जाना है का सूचना उपलब्ध नही करायी गयी जिससे ब्लाकवार बजट की स्थिति ज्ञात नही हो पायी। | ब्लाकवार / कार्यक्रमवार / एफ0एम0आर0 कोडवार बजट फांट जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन कराकर अनुमोदित बजट फांट के अनुसार सी0एच0सी0 / पी0एच0सी0 को धन आवंटित किया जाना चाहिए। | लेखा लिपिक एन0एच0एम0 / जिला लेखा प्रबन्धक / अपर मुख्य चिकित्साधिकारी / मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 4 | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जो भुगतान किये जा रहे है जिला लेखा प्रबन्धक के माध्यम से अपर मुख्य चिकित्साधिकारी / मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष पत्रावली प्रस्तुत नही की जा रही हैं। | मिशन निदेशक राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई लखनऊ के निर्देशानुसार पत्रावली लेखा लिपिक द्वारा जिला लेखा प्रबन्धक के माध्यम से अपर मुख्य चिकित्साधिकारी / मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष पत्रावली प्रस्तुत की जानी चाहिए। | लेखा लिपिक एन0एच0एम0 / अपर मुख्य चिकित्साधिकारी / मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 5 | जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा माह दिसम्बर 2019 तक समस्त संविदा कर्मियों का मानदेय भुगतान किया गया है। संविदा कर्मियों का अवकाश के सन्दर्भ में किसी प्रकार का विवरण नही रखा गया है। | संविदा कर्मियों को मिलने वाले आकास्मिक अवकाश / चिकित्सा अवकाश / मात्तृव अवकाश का अभिलेख जनपद स्तर पर रखा जाना चाहिए। | लेखा लिपिक एन0एच0एम0 / अपर मुख्य चिकित्साधिकारी / मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 6 | जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा पी0एफ0एम0एस0 निर्गत पंजीका | वित्त अनुभाग राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई द्वारा उपलब्ध | लेखा लिपिक एन0एच0एम0 / अपर मुख्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्धारित प्रारूप पर नही पायी गयी। | कराये गये पंजीका बनायी जानी चाहिए। | चिकित्साधिकारी / मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 7 | सी0एच0सी0 / पी0एच0सी0 / अन्य को देय का अग्रिम रजिस्टर नही बनाया गया है। | एडवांस रजिस्टर शीघ्र अतिशीघ्र बनाना सुनिश्चित करे। | लेखा लिपिक / जिला लेखा प्रबन्धक एन0एच0एम0 |
| 8 | ग्रान्ट रजिस्टर नही बनाया गया है। | ग्रान्ट रजिस्टर शीघ्र बनाया जाना चाहिए। | लेखा लिपिक / जिला लेखा प्रबन्धक एन0एच0एम0 |
